प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)

**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 शनिवार** **दिनांक 15.11.2025**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**मुख्य समाचारः–**

1–भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाया जा रहा है–प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि देश, स्वतंत्रता आंदोलन में जनजातीय समाज के योगदान को कभी नहीं भुला सकता।

2–जगदलपुर में आयोजित जनजातीय गौरव दिवस में मुख्यमंत्री हुए शामिल–कहा कि राज्य सरकार जनजातीय समुदाय के समग्र विकास के लिए संकल्पित है।

3–प्रदेश में आज से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी शुरू–राज्य सरकार ने हड़ताली सहकारी कर्मचारी और कम्प्यूटर ऑपरेटरों पर लगाया एस्मा।

4– मौसम विभाग ने प्रदेश के कई जिलों में आगामी कुछ दिनों तक शीतलहर चलने की जताई संभावना।

**अब समाचार विस्तार से .....**

**<u>जनजातीय गौरव दिवस</u>–<u>01</u>**

छत्तीसगढ़ सहित देशभर में आज स्वतंत्रता सेनानी और जनजातीय नेता धरती आबा बिरसा मुंडा की जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुजरात के जनजातीय बहुल नर्मदा ज़िले में भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के अवसर पर आयोजित सभा को संबोधित करते हुए कहा कि जनजातीय गौरव हज़ारों वर्षों से भारत की चेतना का अभिन्न अंग रहा है। उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि जब भी देश के सम्मान, स्वाभिमान और स्वशासन का प्रश्न उठा है, भारत का जनजातीय समाज सबसे आगे खड़ा रहा है। श्री मोदी ने कहा कि देश, स्वतंत्रता आंदोलन में जनजातीय समाज के योगदान को कभी नहीं भुला सकता।
श्री मोदी ने कहा कि वर्ष दो हजार इक्कीस में केन्द्र सरकार ने भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाने की शुरूआत की थी।

**<u>जनजातीय गौरव दिवस</u>–<u>02</u>**

इधर, छत्तीसगढ़ के सभी जिलों में भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। राज्यपाल रमेन डेका और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रदेशवासियों को जनजातीय गौरव दिवस की शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल ने राजभवन में भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया।

वहीं, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जगदलपुर में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने बस्तर की आराध्य देवी मां दंतेश्वरी और भगवान बिरसा मुंडा के छायाचित्र सहित जनजातीय देवी–देवताओं की पूजा अर्चना कर जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार जनजातीय समुदाय के समग्र विकास के लिए संकल्पित है।

उधर, राजनांदगांव में विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह, दुर्ग में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, बिलासपुर में उपमुख्यमंत्री अरूण साव और रायपुर में आयोजित कार्यक्रम में केन्द्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू शामिल हुए।

गौरतलब है कि प्रदेश में भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के उपलक्ष्य में जनजातीय गौरव पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इस दौरान विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

**पेसा अधिनियम**

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा की अध्यक्षता में पेसा अधिनियम को और अधिक प्रभावी बनाने को लेकर कल उच्च स्तरीय बैठक हुई। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने अधिकारियों को ग्राम सीमा के निर्धारण और ग्राम पंचायत में निहित छोटे गावों को वित्तीय अधिकार से संपन्न करने के निर्देश दिए। उन्होंने पेसा ग्रामों में नियमों के संबंध में लोगों को जागरूक करने के लिए अभियान चलाने को कहा।

**वन्यजीव रोकथाम**

वन्यजीव अपराध की रोकथाम पर कल रायपुर में अंतर एजेंसी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में छत्तीसगढ़ में वन्यजीव अपराध नियंत्रण के लिए स्पेशल टॉस्क फोर्स गठित करने पर भी चर्चा हुई, ताकि राज्य में वन्यजीव तस्करी और अवैध व्यापार पर अंकुश लगाया जा सकें।

**जिले की चिट्ठी**

प्रादेशिक समाचार एकांश, आकाशवाणी रायपुर द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम "जिले की चिट्ठी" का प्रसारण कल शाम छह बजकर पांच मिनट से छह बजकर दस मिनट तक किया जाएगा। इस कार्यक्रम को छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केन्द्र रिले करेंगे। इस बार के अंक में **''कबीरधाम''** जिले की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी जाएगी।

**धान खरीदी–01**

प्रदेश में आज से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी शुरू हो गई है। इसके लिए दो हजार सात सौ उनतालीस धान खरीदी केंद्र बनाए गए हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने धान खरीदी को किसानों की मेनहत और सरकार पर उनके विश्वास का उत्सव बताते हुए कहा है कि राज्य सरकार पूरी तरह व्यवस्थित, पारदर्शी और समयबद्ध रूप से संचालित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि धान खरीदी की सभी तैयारियां समय पर पूर्ण कर ली गई हैं और प्रदेश के सभी खरीदी केन्द्रों में आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित की गई हैं। श्री साय ने कहा कि किसानों को कोई परेशानी न हो, इसके लिए सभी जिला कलेक्टरों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं।

वहीं, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कबीरधाम जिले के बोड़ला विकासखंड स्थित महराजपुर धान उपार्जन केन्द्र में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने किसानों से चर्चा की और खरीदी केन्द्र में उपलब्ध सुविधाओं, टोकन व्यवस्था तथा खरीदी प्रक्रिया का निरीक्षण किया।

उधर, बस्तर जिले के पल्ली धान खरीदी केंद्र में सहकारिता मंत्री केदार कश्यप ने विधि विधान से पूजा–अर्चना कर धान खरीदी का शुभारंभ किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों को बिना किसी बाधा के धान विक्रय की सुविधा मिले और पूरी प्रक्रिया पारदर्शी रहे।

वहीं, राज्य सरकार द्वारा किसानों की सुविधा के लिए 'तुहर टोकन मोबाइल ऐप' भी शुरू किया गया है। इस ऐप के माध्यम से किसान घर बैठे धान बेचने के लिए टोकन प्राप्त कर सकते हैं, जिससे समितियों में लंबी कतारों से मुक्ति मिलेगी। समितियों में माइक्रो एटीएम की व्यवस्था भी की गई है। राज्य में धान के अवैध परिवहन को रोकने के लिए अन्य राज्यों की सीमा पर चेक पोस्ट स्थापित किए गए हैं।

**धान खरीदी–02**

इस बीच, राज्य सरकार ने बीते तीन नवंबर से हड़ताल कर रहे राज्य के सहकारी कर्मचारी और कम्प्यूटर ऑपरेटरों पर एस्मा लगा दिया है। सरकार ने चेतावनी दी है कि धान खरीदी कार्य का बहिष्कार करने वाले हड़ताली कर्मचारियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही सहकारिता विभाग ने अपील की है कि कर्मचारी रविवार तक अपने काम पर वापस लौट सकते हैं।

गौरतलब है कि धान खरीदी का यह अभियान इकतीस जनवरी दो हजार छब्बीस तक चलेगा।

**मौसम का हाल...**

मौसम विभाग ने प्रदेश के कई जिलों में शीतलहर चलने की संभावना जताई है। मौसम विज्ञानी डॉक्टर गायत्री वाणी ने बताया कि उत्तरी और मध्य छत्तीसगढ़ में अगले कुछ दिनों तक शीतलहर की स्थिति बनी रह सकती है।

**समाचार संक्षेप में ...**

–मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज बिलासपुर के कोनी क्षेत्र में नवीन संभागायुक्त कार्यालय भवन का लोकार्पण किया। लगभग बारह करोड़ रुपये की लागत से निर्मित इस भवन का निर्माण लगभग ढाई एकड़ क्षेत्र में किया गया है।

–बेमेतरा जिले के ग्राम कठिया में कल छत्तीसगढ़ बांस तीर्थ संकल्पना सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने एक सौ चालीस फीट ऊंचे बैम्बू टावर पर ध्वजारोहण किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह संरचना केवल बांस का निर्माण नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ की परंपरा, कौशल, नवाचार और व्यापक संभावनाओं का प्रतीक है।

–सुकमा जिले में जगरगुंडा थाना क्षेत्र से फरार वारंटी माओवादी को सुरक्षा बलों की टीम ने आज गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार माओवादी पर आईईडी लगाने का आरोप है।

–सुकमा जिला मुख्यालय में आज केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम ने जिला स्तरीय बस्तर ओलंपिक का शुभारंभ किया।

–गौरेला–पेण्ड्रा–मरवाही जिले के पेण्ड्रा–सिवनी–मझगवां मुख्य मार्ग पर एक तेज रफ्तार कार ने अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े लोगों को अपनी चपेट में ले लिया। इस हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई।